बी.पी.एस.ई.-212/ई.पी.एस.-12

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य 2025-26

पाठ्यक्रम कोड : बी.पी.एस.ई.-212/ई.पी.एस.-12

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में सरकार और राजनीति

राजनीति विज्ञान संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

राजनीति विज्ञान में ऐच्छिक पाठ्यक्रम :

(बी.पी.एस.ई.-212 / ई.पी.एस.-12

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में सरकार और राजनीति

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना होगा। यह अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य **बी.पी.एस.ई.- भारत में सरकार और राजनीति तथा ई.पी.एस.-12 : भारत में सरकार और राजनीति** के विद्यार्थियों के लिए एक समान सत्रीय कार्य है।

सत्रीय कार्य करने से पहले आप अलग से भेजी गई कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को कृपया सावधानी से पढ़ लें। यह आवश्यक है कि सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर आप अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर के शब्दों की सीमा किसी भी श्रेणी के लिए दी गई शब्द सीमा के अनुरूप होनी चाहिए। सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित है।

प्रस्तुतीकरण : सभी सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास सत्रांत परीक्षा से दो महीने पहले जमा करने होंगें।

जून, 2026 के सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 31 मार्च, 2026 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा। दिसम्बर, 2026 की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 30 सितम्बर, 2026 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा।

अगर आपने इस पाठ्यक्रम के लिए पहले ही रात्रीय कार्य जमा कर दिया है और उसकी जांच के उपरांत उसे विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेज दिया है तब आपको इस सत्रीय कार्य को जमा करने की जरूरत नहीं है।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र / क्षेत्रीय केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

शुभकामनााओं के साथ,

राजनीति विज्ञान संकाय

पाठ्यक्रम शीर्षक : भारत में सरकार और राजनीति

(बी.पी.एस.ई.-212/ई.पी.एस.-12

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोडः बी.पी.एस.ई. -212/ई.पी.एस. -12
सत्रीय कार्य कोडः बी.पी.एस.ई. -212/ई.पी.एस. -12/ए एस एस टी/टी एम ए/2025-26
अधिकतम अंकः 100

यह सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित हैं। आपको तीनों भागों के सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

सत्रीय कार्य-I

निम्न वर्णनात्मक श्रेणी प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

1) भारत के संविधान की मुख्य विशेषताओं पर चर्चा कीजिए और बताइए कि इसमें संघीय (Federal) तथा एकात्मक (Unitary) दोनों तत्व कैसे दिखाई देते हैं।

2) मौलिक अधिकारों की रक्षा और संवैधानिक संतुलन बनाए रखने में *न्यायिक पुनरावलोकन* (Judicial Review) की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

सत्रीय कार्य-II

निम्न मध्यम श्रेणी प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

3) भारतीय संसद की मुख्य शक्तियों और कार्यों को समझाइए।

4) संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल का विश्लेषण कीजिए।

5) स्वतंत्रता के बाद से भारत में पार्टी प्रणाली (Party System) के बदलते स्वरूप पर चर्चा कीजिए।

सत्रीय कार्य-III

निम्न लघु श्रेणी प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।

6) भारतीय राजनीति में ''प्रधान/प्रभावी दल प्रणाली'' (Dominant Party System) से आप क्या समझते हैं?

7) अंतर–राज्य परिषद (Inter-State Council) की भूमिका और उपयोगिता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

8) 73वं संविधान संशोधन अधिनियम का महत्व समझाइए।

9) भारत में राजनीति के अपराधीकरण (Criminalisation of Politics) पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

10) *चिपको आंदोलन* पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए और इसके पर्यावरणीय महत्व को बताइए।